अरावली की पहाड़ियों से निकलेगी 4.69 किलोमीटर लंबी सुरंग

चर्चा में क्यों?

25 मई, 2022 को हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश अग्रवाल ने बताया कि अरावली की पहाड़ियों में 69 किमी. लंबी सुरंग का निर्माण किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- अरावली की पहाड़ियों पर बनने वाली यह सुरंग दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग अटल टनल (मनाली से लाहौल स्पीति घाटी तक 02 किमी.) की तरह होगी।
- यह सुरंग कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे के समानांतर 7 किमी. लंबे हरियाणा आर्बिटल रेल कॉरिडोर में बनाई जाएगी।
- हरियाणा आर्बिटल रेल कॉरिडोर का निर्माण हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड करवाएगी।
- यह कॉरिडोर कुंडली से मानेसर तक नए विकसित हो रहे औद्योगिक व रिहायशी क्षेत्रों के लिये लाइफ लाइन बनेगा, साथ ही पहाड़ियों के बीच से निकलने वाली 69 किमी. लंबी सुरंग दिल्ली-एनसीआर के लिये दर्शनीय स्थल होगा।
- हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सुरंग निर्माण के लिये निविदा प्रक्रिया चालू वित्तीय वर्ष में दिसंबर माह तक पूरी करने लेने का दावा किया है।
- इस आशय से हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सुरंग निर्माण क्षेत्र की 20 कंपनियों के अधिकारियों के साथ मंत्रणा की है।
- हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश अग्रवाल का कहना है कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत 30 माह की समयावधि में हरियाणा आर्बिटल रेल कॉरिडोर सुरंग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।
- गौरतलब है कि अरावली संसार की सबसे प्राचीन वलित पर्वत शृंखलाओं में से एक है, जो 692 किमी. लंबी है। इसका विस्तार हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली तक है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/4-69-km-long-tunnel-to-emerge-from-aravali-hills